हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 30 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 कृषि अनुसंधान केंद्र में काउंसिल लेवल- 1 ...

14 शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का प्रयास ...




## खबर संक्षेप

### खड़े ट्रैक्टर से बाइक तकराई एक की मौत, दो घायल

**खरोरा**। रायपुर से बलौदाबाजार मार्ग पर ग्राम कर्मा के पास एक खड़े ट्रैक्टर से बाइक में सवार तीन युवक टकरा गए, जिससे घटनास्थल पर ही एक युवक की मौत हो गई और दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हैं, जिसे 108 की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खरोरा लाया गया, जहां दोनों की स्थिति गंभीर होने पर नजदीक के ही निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। बताया गया कि दोनों युवकों की हालत अभी गंभीर है उनका इलाज चल रहा है। तीनों युवक ग्राम भैंसा के पास कुली पोटा के रहने वाले हैं, जिनमें मृतक युवक का नाम डेविड है और गंभीर रूप से घायल युवक का नाम रतन कोसले पिता प्रकाश कोसले और एक युवक का नाम अज्ञात है खरोरा पुलिस मामले की जांच कर रही है ।



### आपदा पीड़ति परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार**। प्राकृतिक आपदा से मृत दो व्यक्ति के निकट परिजन प्रत्येक के लिए 4 लाख के मान से 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ति परिजन तुलसी बांधे पिता लतेल बांधे, निवासी ग्राम बेल्हा, तहसील पलारी एवं अशोक कुमार यदु पिता स्व. कल्याण यदु, निवासी ग्राम मोहभट्ठा, तहसील सिमगा क़ी खोरसी नाला के पानी में डूबने एवं आग में जलने के कारण मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को आरटीजीएस के जरिये पीड़ति के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### 5 वॉशिंग मशीन जब्त 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर**। खमतराई पुलिस ने एक चोरी के मामले में खुलासा किया है। श्रीराम इलेक्ट्रॉनिक के गोडाउन से वी-प्लस कंपनी के 6 फ्रिज व 13 वॉशिंग मशीन से भरा एक वाहन घर के पास खड़ा था। दूसरे दिन वाहन से 5 वॉशिंग मशीन की चोरी हो गई। इस बीच पुलिस को मंगलवार को सूचना मिली कि भनपुरी चौक के पास दो व्यक्ति चोरी की वॉशिंग मशीन बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने मौके पहुंचकर आरोपी इंद्रजीत साहू एवं सल्लू साहू उर्फ राहुल दोनों निवासी सूर्यनगर गोगांव को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की वॉशिंग मशीनें जब्त कीं।

### किशोर लापता, अपहरण की आशंका

**रायपुर**। संतोषी नगर इलाके से एक 12 वर्षीय नाबालिग लापता हो गया। लड़के के पिता ने टिकरापारा थाने में उसके गुम होने की सूचना देते हुए अपहरण की आशंका जताई है। हालांकि पुलिस ने मामले में गुम इंसान के तहत बीएनएसः धारा 137-2 दर्ज किया है।

### पांच लाख के जेवर चोरी नौकरानी पर जताया संदेह

**रायपुर**। राजेंद्र नगर पुलिस ने चोरी के मामले में केस दर्ज किया है। प्रार्थी पंकज सुघ निवासी ला-विस्टा कालोनी अमलीडीह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके घर में नौकरानी डिकेश्वरी निषाद पिछले कुछ सालों से काम कर रही है। इस बीच उसकी आलमारी में रखे नकदी 60 हजार एवं 5 लाख रुपए कीमत के सोने के गहने गायब हो गए हैं। पंकज ने संदेह व्यक्त किया है कि यह चोरी नौकरानी ने की है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच में लिया है।

# जिले में 1 मई से शुरू होगा मकान सूचीकरण व गणना का कार्य

## 1861 प्रगणक घर - घर देंगे दस्तक, 309 सुपरवाइजर करेंगे मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनगणना 2026 के प्रथम चरण जिले में 1 मई से शुरू होकर 30 मई तक चलेगा। इस दौरान 1861 प्रगणक घर - घर जाकर मकानों क़ी सूचीकरण व गणना हेतु मोबाइल एप्प के माध्यम से डिजिटल डाटा संग्रहण करेंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को चार्ज अधिकारियों क़ी ऑनलाइन बैठक लेकर प्रथम चरण क़ी जनगणना का कार्य सावधानीपूर्वक समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि सभी प्रगण 30 अप्रैल को ही मोबाइल एप्प में लॉग इन कर लें ताकि किसी प्रकार क़ी कोई तकनिकी समस्या हो तो समय पर निराकरण हो सके। उन्होंने चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया कि मकान सूचीकरण व गणना का कार्य 15 मई तक पूर्ण करने का कार्ययोजना बनाएं, इसके साथ ही कण्ट्रोल रूम बनाकर गणना कार्य का मॉनिटरिंग करे।उन्होंने सभी प्रगणको व सुपरवाइजर को आइडेटिटी कार्ड अवश्य धारण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि गणना के दौरान लोगों को जनगणना के बारे में पूरी जानकारी देकर संतुष्ट करें और सहयोग का आग्रह करें। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि जनगणना के लिये आने वाले प्रगणकों को बेझिझक सही-सही जानकारी दें। आपके द्वारा दी गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय रहेगी। स्पष्ट प्रावधान है कि ⏩ शेष पेज 13 पर

**खास बातें**

- गणना के लिए जिले में बनाए गए 1978 मकान सूचीकरण ब्लॉक
- लोगों द्वारा दी जाने वाली जानकारी व डाटा पूर्णतः सुरक्षित




### 17 चार्ज में बनाए गए 1978 एचएलबी

तहसीलदार व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को चार्ज अधिकारी बनाया गया है। जिले में 9 तहसील व 8 नगरीय निकाय हैं। इस तरह जिले में कुल 17 चार्ज बनाए गए हैं। मकान सूचीकरण व गणना के लिये प्रत्येक चार्ज को हाउसलिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) में विभाजित किया गया हैं जिसमें एक एचएलबी में 150 से 180 मकान संख्या रखा गया है। 17 चार्ज में कुल 1978 एचएलबी बनाए गए हैं। प्रत्येक प्रगणक को एक या 2 एचएलबी गणणा हेतु आवंटित किया गया है। बैठक में स्पष्ट रूप से बताया गया कि जनगणना में आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैक खाता क़ी कोई जरुरत नहीं हैं। केवल मकान क़ी जानकारी और परिवार के सदस्यों क़ी जानकारी ली जाएगी। इसके साथ यह भी स्पष्ट किया गया कि लोगों द्वारा दी जाने वाली जानकारी व डाटा पूर्णतः गोपनीय व सुरक्षित रहेगा। इससे किसी योजना के पात्रता या अपात्रता का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## तिल्दा में अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग ने की कार्रवाई, सरपंच पर लगे आरोप

# रेत का अवैध परिवहन करते 4 ट्रैक्टर जब्त, ड्राइवर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

जिला कलेक्टर कुलदीप शर्मा के कुशल निर्देश, जिला खनिज अधिकारी अवधेश बारीक के नेतृत्व में खनिज विभाग की टीम ने तिल्दा से रेत की अवैध परिवहन मामले में चार ट्रैक्टरों पर बड़ी कार्रवाई की हैं। सभी चारों ट्रैक्टर पुलिस थाना लवन में जब्त कर लवन थाना के सुपुर्द में रखे गए हैं। खनिज विभाग की कार्रवाई से रेत तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

रेत की अवैध परिवहन करने वाले ट्रैक्टर चालक गाड़ी से को महानदी तिल्दा में छोड़कर फरार हो गए थे, लेकिन बाद में सभी चालक को खनिज विभाग पकड़ने में सफल हो गए और अंततः सभी ट्रैक्टर ट्राली सहित पुलिस थाना लवन में खड़े किये गए हैं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के पास तिल्दा से 28 अप्रैल मंगलवार को लिखित शिकायत प्राप्त होते ही खनिज विभाग पूरी मुस्तैदी के साथ तिल्दा में मुखबिर के माध्यम से रेत की अवैध परिवहन करने वाले ट्रैक्टरो को दबोचने में सफलता प्राप्त किये। इस कार्रवाई के बाद गॉव के रेत तस्करों में एक अजीब सी दहशत फैला हुआ है। रेत की अवैध परिवहन एवं खनन को बढ़ावा देने का आरोप तिल्दा सरपंच पर लिखित में आरोप पत्र कलेक्टर के पास जनदर्शन में पहुंचा हुआ है।



अब शिकायत करने वाला का इसमें व्यक्तिगत क्या स्वार्थ है या नहीं यह भी कहना हमारी अखबार या चैनल कोई पुष्टि नहीं करता है। सरपंच के खिलाफ शिकायत करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध भी सरपंच ने किसी मामले को लेकर शिकायत किये हैं। अब सरपंच अपने खिलाफ शिकायत करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कौन सी शिकायत कलेक्टर या पुलिस अधीक्षक के पास लिखित में किये हैं यह तो सरपंच से पूरी जानकारी पता करने पर प्रत्यक्ष सामने आ ही जाएगा। फिलहाल तिल्दा में रेत की अवैध परिवहन करने वाले ट्रैक्टरों पर खनिज विभाग को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। इससे कुछ हद तक अवैध खनन परिवहन में अंकुश लगेगा, लेकिन स्थायी रूप से अंकुश नहीं लगेगा, क्योंकि यह तिल्दा में कुछ आठ दस लोगों का गिरोह है, जो इस अवैध कारोबार को बंद नहीं होने देना चाहता है जो अवैध रेत चोरी में जेल भी जा चुके हैं। वह लोग अब भी प्रशासन के रडार में चल रहे हैं लेकिन शासन प्रशासन के हाथ नहीं लगना विभाग की बड़ी असफलता को भी प्रमाणित कर रहा है। फिलहाल 28 अप्रैल की रात 9बजे की हुई कार्रवाई से ग्रामीण जनता में आस जगी है कि आने वाले दिनों में तिल्दा से जड़ सहित रेत की अवैध खनन एवं परिवहन पर विराम लगेगा।

# नाबालिग को भगा ले जाने वाला आरोपी हैदराबाद से गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

कसडोल पुलिस ने सात महीने पहले गायब हुई एक नाबालिग बालिका को हैदराबाद से बरामद किया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक को भी गिरफ्तार किया है, जिसने बालिका को शादी का झांसा देकर अगवा किया था और उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था।

- कसडोल पुलिस ने बालिका को किया बरामद

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मौहाभाठा ठाकुरदिया निवासी आरोपी रोशन कुमार तूरी 19 वर्ष ने पिछले वर्ष 8 सितंबर की रात एक नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था। बालिका के पिता की शिकायत पर कसडोल पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान कसडोल पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और कॉल डेटा का विश्लेषण किया, जिससे पता चला कि आरोपी बालिका को लेकर हैदराबाद में छिपा हुआ है। सूचना की तस्दीक होते ही कसडोल पुलिस की एक विशेष टीम हैदराबाद भेजी गई। टीम ने वहां दबिश देकर आरोपी रोशन कुमार को धर दबोचा और उसके कब्जे से नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। बालिका ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर भगाया था और हैदराबाद ले जाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। बालिका के बयान के आधार पर पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 87, 64(1) और पाक्सो एक्ट की धारा 4 व 6 जोड़ते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर महिलाओं की फोटो एडिट करने वाला ब्लैकमेलर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सोशल मीडिया पर अजनबियों से दोस्ती करना कितना खतरनाक हो सकता है, इसका एक सनसनीखेज मामला बलौदाबाजार में सामने आया है। इंस्टाग्राम पर महिलाओं से दोस्ती कर उनकी तस्वीरों को एडिट कर अश्लील बनाने और फिर उन्हें ब्लैकमेल कर पैसे वसूलने वाले आरोपी मेवालाल साण्डे को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

- बलौदाबाजार पुलिस की बड़ी कार्रवाई



एक प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 16 अप्रैल को एक अज्ञात व्यक्ति ने उसकी फोटो को एडिट कर अश्लील बनाया और उसे वायरल करने की धमकी दी। आरोपी ने न केवल प्रार्थिया को बल्कि उसके पति को भी वह फोटो भेजकर बदनाम करने की धमकी दी और 12,000 रुपये की मांग की। डर के मारे प्रार्थिया ने आरोपी के क्यूआर कोड पर 2,000 रुपये भेज दिए, लेकिन आरोपी ने फोटो यूट्यूब पर वायरल कर दी।

सिटी कोतवाली पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण (साइबर सेल) की मदद ली। जांच में आरोपी का लोकेशन जिला बिलासपुर के ग्राम राक में मिला। पुलिस टीम ने तत्काल दबिश देकर निवासी ग्राम राक, थाना सीपत, जिला बिलासपुर मेवालाल साण्डे उर्फ अजय 28 वर्ष को हिरासत में लिया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वह इंस्टाग्राम पर फर्जी या अपनी आईडी से महिलाओं को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर दोस्ती करता था। बातचीत कर उन्हें विश्वास में लेता और फिर उनकी फोटो मांगता था। फोटो मिलने के बाद उसे एडिट कर अश्लील बनाता और पैसे ऐंठने के लिए ब्लैकमेल करता था।

आरोपी के खिलाफ इसी तरह से दो अन्य महिलाओं को प्रताड़ित करने के संबंध में 2 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

# खाद्य और औषधि प्रशासन ने सरसीवां क्षेत्र में की दुकानों की सघन जांच, खराब सामग्री कराई नष्ट

**मुड़पार-सरसीवां**। जन स्वास्थ्य की सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'सही दवा शुद्ध आहार', यही है छत्तीसगढ़ का आधार की थीम पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा सरसीवा क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया गया तथा छोटे छोटे ठेले, गुमटी, होटल, कोल्ड ड्रिंक सेंटर व किराना दुकानों में जाकर निरीक्षण किया गया एवं उनको खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

कुछ जगह पर अखाद्य रंग, उपयोग किये तेल, कालातीत खाद्य सामग्री को नष्ट कराया गया। दल द्वारा जगह जगह उपस्थित लोगों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा जिन दुकानदारों के पास आवश्यक खाद्य पंजीयन नहीं पाया गया उनको पंजीयन हेतु निर्देशित किया गया। आम जनता से भी अपील की गई कि खाद्य पदार्थों का उपभोग जांच परख कर ही किया जाए। किसी भी प्रकार की अगर कोई शिकायत हो तो विभाग को सूचित करने की अपील की गई। पुलिस और राजस्व विभाग के दल में अभिहित अधिकारी भारत भूषण पटेल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी वरुण पटेल शामिल थे।



## झाड़ियों में तब्दील हुआ अस्तित्व

# उपेक्षा की भेंट चढ़ी बिला व्यपवर्तक नहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

शासन-प्रशासन की उदासीनता के कारण सिंचाई कार्यालय भटगांव के अंतर्गत आने वाली बिला व्यपवर्तक नहर अपना वजूद खोने की कगार पर है। सैकड़ों एकड़ भूमि की प्यास बुझाने वाली यह नहर वर्षों से मरम्मत न होने के कारण आज झाड़ियों से पट गई है। स्थिति इतनी बदतर है कि कुछ स्थानों पर नहर का नामो-निशान तक मिटने लगा है, जिससे क्षेत्र के किसानों में भारी रोष व्याप्त है।

किसानों का आरोप है कि सिंचाई विभाग गहरी नींद में सोया हुआ है। नहर की सफाई और मरम्मत की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आलम यह है कि रख-रखाव के अभाव में नहर में झाड़ियां उग आई हैं और कुछ स्थानों पर खेतों की मिट्टी नहर के भीतर आने से यह पूरी तरह पट चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार, पिछली कांग्रेस सरकार के समय तत्कालीन विधायक एवं संसदीय सचिव चंद्रदेव राय के कार्यकाल में लाइनिंग कार्य स्वीकृत होने की बात कही गई थी, लेकिन धरातल पर आज तक काम शुरू नहीं हो सका। किसानों ने बताया कि पिछले साल 'ग्राम सुराज' अभियान के दौरान नहर मरम्मत के लिए लिखित आवेदन दिया गया था, पर उस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया।



एक ओर सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर सिंचाई के बुनियादी ढांचे की ऐसी उपेक्षा दावों पर सवाल खड़े करती है। किसानों का कहना है कि जब खेतों तक पर्याप्त पानी ही नहीं पहुंचेगा, तो पैदावार और आय में बढ़ोतरी कैसे संभव होगी? क्षेत्र की लगभग सभी अन्य नहरों में लाइनिंग का कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन बिला नहर को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है। क्षेत्र के किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि खरीफ सीजन और भविष्य की फसलों को देखते हुए नहर की तत्काल मरम्मत और लाइनिंग का कार्य शुरू कराया जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे अपनी मांगों को लेकर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# कार्य में लापरवाही बरतने पर तहसील कार्यालय का वाचक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

बिना सक्षम स्वीकृति के अनुपस्थिति, मर्यादाहीन आचरण एवं शासकीय कार्यों में घोर लापरवाही बरतने के फलस्वरूप तहसील कार्यालय का वाचक को निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार नायब तहसील कार्यालय निपनिया में पदस्थ सहायक ग्रेड-02 (वाचक) महेन्द्र साहू, सहायक ग्रेड-02 (वाचक) द्वारा 12.मार्च को बिना सक्षम स्वीकृति के अनुपस्थिति, मर्यादाहीन आचरण एवं शासकीय कार्यों में घोर लापरवाही बरतने के फलस्वरूप न्यायालय नायब तहसीलदार निपनिया द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। संबंधित कर्मचारी द्वारा उक्त नोटिस का जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने के फलस्वरूप अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भाटापारा एवं नायब तहसीलदार निपनिया तहसील भाटापारा के प्रतिवेदन के आधार पर छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 के तहत अपर कलेक्टर द्वारा महेन्द्र कुमार साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय जांच संस्थित किया है। निलंबन अवधि के दौरान श्री साहू का मुख्यालय जिला कार्यालय बलौदाबाजार नियत करते हुए निलंबन अवधि में मूलभूत नियम 53 के अंतर्गत नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

# हाउसिंग बोर्ड अब बना अधोसंरचना विकास मंडल, बनाएगा सड़क, पुल, हवाई अड्डे, सीवेज और वाटर सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*छत्तीसगढ़ का गृह निर्माण मंडल अब पहले से अधिक शक्तिशाली होकर काम कर सकेगा। राज्य सरकार ने इसे अब अधोसंरचना विकास मंडल भी बना दिया है। इसके लिए सरकार ने विधानसभा में संशोधन विधेयक पारित कराया था, इसे अब राज्यपाल की अनुमति मिल गई है। नए अधिनियम के तहत मंडल अब सड़कों, पुलों, हवाई अड्डों, सीवेज प्रणालियों और शहर-स्तरीय जल आपूर्ति प्रणालियों के निर्माण की योजनाएं बना सकेगा और उन्हें लागू कर सकेगा। इस संशोधन के साथ ही अब 'छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल' का नाम बदलकर 'छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल' कर दिया गया है। मंडल का नया नाम अब इसकी विस्तारित भूमिका को दर्शाएगा, जिसमें आवास के साथ-साथ 'अधोसंरचना विकास' को भी जोड़ा गया है।*

### दूसरे निकायों को देगा सलाह

अब यह मंडल स्थानीय निकायों (नगर निगमों, पालिकाओं और पंचायतों) तथा नगर विकास प्राधिकरणों को उनकी तकनीकी और वित्तीय क्षमता में सुधार के लिए परामर्श सेवाएं भी प्रदान करेगा। अधिनियम के खंड 33-क के माध्यम से मंडल को व्यापक अधिकार दिए गए हैं, जिससे वह मास्टर प्लान को लागू करने और नगर निवेश स्कीमों (टीपीएस) को तैयार करने में सक्षम होगा। इसके अलावा, मंडल अब राज्य शासन द्वारा सौंपे गए स्लम पुनर्विकास जैसे किसी भी अन्य प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन भी कर सकेगा।

- सरकार के संशोधन विधेयक को मिली राज्यपाल की अनुमति
- छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश (संशोधन) अधिनियम भी मंजूर




### पीपीपी मॉडल के साथ रीडेवलपमेंट भी करेगा

*हाउसिंग बोर्ड को अब पुरानी कॉलोनियों, जर्जर भवनों और कम उपयोग वाली जमीनों के पुनर्विकास (रीडेवलपमेंट) की शक्ति दी गई है। साथ ही, आवास और बुनियादी ढांचे के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) आधारित परियोजनाओं पर काम करने की अनुमति भी मिल गई है।*

### अब नगर विकास प्राधिकरण भी

राज्य सरकार ने एक और विधेयक विधानसभा में पारित कराया था, इसे भी राज्यपाल की अनुमति मिल गई है। यह विधेयक छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश (संशोधन) अधिनियम, 2026' है। यह नया कानून तत्काल प्रभाव से पूरे राज्य में लागू हो गया है। अब राज्य सरकार किसी भी विशिष्ट योजना क्षेत्र के लिए मौजूदा नगर तथा ग्राम विकास प्राधिकरण के अतिरिक्त अन्य निकायों को भी 'प्राधिकरण' के रूप में काम करने के लिए नामित कर सकेगी।

### किन्हें मिल सकती है प्राधिकरण की जिम्मेदारी?

अब सरकार इन निकायों को विशिष्ट क्षेत्रों के लिए नगर तथा ग्राम विकास प्राधिकरण के रूप में नामित कर सकेगी। राज्य सरकार की कोई भी एजेंसी। राज्य सरकार के स्वामित्व वाली कंपनियां। नगरीय स्थानीय निकाय (केवल अपने अधिकार क्षेत्र के भीतर)। नामित किए गए इन निकायों को सरकार वे सभी शक्तियां और उत्तरदायित्व सौंप सकेगी जो एक विकास प्राधिकरण के पास होते हैं। इसमें प्रमुख रूप से शामिल हैं। नगर विकास योजनाओं की तैयारी। योजनाओं का निष्पादन,नगर विकास योजनाओं क्रियान्वयन। विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से राज्य के शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास और व्यवस्थित टाउन प्लानिंग में तेजी आएगी। अब विशिष्ट प्रोजेक्ट्स के लिए सरकार अपनी विशेषज्ञ कंपनियों या निकायों को सीधे जिम्मेदारी सौंप सकेगी, जिससे काम के दोहराव से बचा जा सकेगा और परियोजनाओं को समय सीमा में पूरा किया जा सकेगा।

## खबर संक्षेप



### राप्रसे अफसरों को अब मिलेगा बिना पद की बाध्यता के उच्चतर वेतनमान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सेवा नियमों में संशोधन किया है। सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार, अब राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को उच्चतर वेतनमान प्राप्त करने के लिए संबंधित पद की उपलब्धता का इंतज़ार नहीं करना होगा। मुख्य संशोधन और प्रावधाननिर्धारित सेवा अवधि पर लाभः राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को उनकी निर्धारित अर्हताकारी सेवा पूर्ण होने पर आगामी उच्चतर वेतनमान प्रदान किया जाएगा। पद की बाध्यता खत्म- यह लाभ संबंधित पद की उपलब्धता की अनिवार्यता के बिना, अर्हता पूर्ण करने की तिथि से ही प्रभावी होगा। उच्चतर वेतनमान प्राप्त कर चुके अधिकारियों को भविष्य में पद उपलब्ध होने पर विभागीय आदेश द्वारा उचित पदनाम सौंप दिया जाएगा। इसके लिए दोबारा समिति की अनुशंसा की आवश्यकता नहीं होगी। इस निर्णय से राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को पदोन्नति के लिए रिक्तियों के अभाव में होने वाले आर्थिक नुकसान से राहत मिलेगी और समय पर वित्तीय लाभ सुनिश्चित हो सकेगा।

### विशेष सत्र को लेकर कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज

**रायपुर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक के लोकसभा में गिरने के बाद भाजपा ने इसके लिए विपक्ष को दोषी ठहराते हुए अब भाजपा शासित राज्यों के विधानसभाओं में विशेष सत्र बुलाकर इस पर चर्चा करने की रणनीति तैयार की है। मुद्दे को लेकर छत्तीसगढ़ विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र 30 अप्रैल को बुलाया गया है। सत्र के लिए रणनीति बनाने कांग्रेस विधायक दल की बैठक 29 अप्रैल को शाम 7 बजे राजीव भवन में होगी। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस विधायक दल की बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज उपस्थित रहेंगे। बैठक का मुख्य एजेंडा प्रदेश के वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य और 30 अप्रैल को शुरू होने वाले छत्तीसगढ़ विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर विपक्ष अपनी रणनीति बनाएगा।

लापरवाह अधिकारी-कर्मचारी पर होगी सख्त कार्रवाई

# राजस्व कार्यों में ढिलाई पर मंत्री सख्त, कहा- लंबित प्रकरणों के निपटारे और राजस्व वसूली में तेजी लाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों से सुशासन, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से जनहितैषी कार्यों को पूरा करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण, आपदा प्रबंधन की तैयारियों और विभागीय आधुनिकीकरण पर विशेष चर्चा की।

बैठक में नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार और सीमांकन जैसे राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की जिलेवार समीक्षा की गई। मंत्री ने स्पष्ट कहा, त्रुटि सुधार संबंधी प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए। यदि समय-सीमा में कार्य नहीं होता है, तो लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रावधानों के तहत संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता लाने के लिए एग्रीस्टेक के तहत जियो रिफ्रेसिंग, डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों में तेजी लाएं। साथ ही, नक्शा प्रोजेक्ट और जियोरिफ्रेसिंग के कार्यों में हो रहे विलंब को अगले 3 महीनों के भीतर पूरा करने के कड़े निर्देश दिए।



### रायपुर में कम राजस्व वसूली, अफसर पर कार्रवाई के निर्देश

उन्होंने ऑटो डायवर्सन पोर्टल और विभिन्न राजस्व वसूलियों की समीक्षा करते हुए रायपुर जिले में राजस्व वसूली की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय बजट वर्ष 2025-26 एवं आगामी बजट 2026-27 के संबंध में भी चर्चा की गई।

### पट्टा वितरण करने 31 जुलाई तक दें जानकारी

मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में आबादी पट्टा वितरण के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में राजस्व अधिकारी 31 जुलाई तक सभी लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी उपलब्ध कराएं। इसी तरह आगामी समय को देखते हुए आपदा प्रबंधन की तैयारी में किसी प्रकार की कोई कमी नही होना चाहिए। आकाशीय बिजली से बचाव और स्कूल तथा अस्पताल भवनों की सुरक्षा के लिए निर्देश दिए। साथ ही, अग्निशमन सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए प्राप्त राशि का समुचित व्यय सुनिश्चित करने हेतु चिन्हित जिलों में अतिशीघ्र कार्यवाही के भी निर्देश दिए।

### स्वामित्व कार्ड वितरण में लाएं तेजी

बैठक में मंत्री ने हितग्राही मूलक योजनाओं दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना और स्वामित्व योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्वामित्व कार्ड वितरण में तेजी लाने हेतु आगामी 3 महीनों का लक्ष्य निर्धारित किया। इसी तरह राजस्व निरीक्षकों के कार्यभार और तहसीलदारों के लिए वाहन क्रय संबंधी प्रस्तावों पर चर्चा की गई। नायब तहसीलदारों की परिवीक्षा अवधि एवं तहसीलदारों की पदोन्नति की प्रक्रिया हर साल नियमित समय पर पूरी करने के निर्देश दिए।

# श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए अब लांच हुआ ई-श्रम साथी एप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन में श्रम विभाग के कार्यों और योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि मैदानी अमला पूरी प्रतिबद्धता के साथ श्रमिकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि योजनाओं का वास्तविक प्रभाव तभी दिखाई देगा, जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और जमीनी स्तर पर उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो। इस अवसर पर श्रम मंत्री लखन देवांगन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रमिकों को घर बैठे रोजगार की जानकारी सहज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ई-श्रम साथी मोबाइल एप्लिकेशन छत्तीसगढ़ डिजिटल लेबर चौक का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में श्रमिकों के हित में व्यापक पहल हुई है और चार नई श्रम संहिताएं लागू की गई हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ में मजदूरी संहिता 2019, औद्योगिक संबंध संहिता 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य दशाएं संहिता 2020 का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि श्रमिकों को सुरक्षित, संरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण मिल सके।

### एप से मिलेगी नई गति : साय




### औद्योगिक इकाइयों का करें औचक निरीक्षण

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि श्रम विभाग एक अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग है, जो बड़े पैमाने पर श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ औद्योगिक इकाइयों का औचक निरीक्षण भी तकनीक के माध्यम से किया जाए, ताकि श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। राज्य सरकार के इन प्रयासों से छत्तीसगढ़ में श्रमिकों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को नई दिशा मिल रही है।

### सीएम ने की विभाग की समीक्षा


समीक्षा बैठक में श्रम विभाग की संरचना, श्रमायुक्त संगठन, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा तीनों प्रमुख मंडलों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। प्रदेश के सभी जिलों में श्रम कार्यालयों के माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन और समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने पर भी जोर दिया गया, ताकि श्रमिकों को योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ दोनों सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर मुख्य सचिव विकासशील, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, श्रम विभाग सचिव हिमशिखर गुप्ता, मुख्यमंत्री के विशेष सचिव रजत बंसल सहित श्रम विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेसी पार्षद पर बड़ा आरोप, चोरी का पैसा छिपाने पर पार्टी ने किया निलंबित

### 50 लाख रुपए लूट के प्रकरण में कथित संलिप्तता पर जांच समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक कारोबारी से 50 लाख रुपये लेकर फरार हुए ड्राइवर कृष्णा साहू के मामले ने अब सियासी रंग ले लिया है। पुलिस कार्रवाई के दौरान इस प्रकरण में बिरगांव नगर निगम के पार्षद ओम प्रकाश साहू की कथित संलिप्तता सामने आने पर कांग्रेस संगठन ने सख्त कदम उठाया है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पार्षद ओम प्रकाश साहू को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिरगांव के अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने यह कार्रवाई की।



### जांच समिति का गठन

प्रकरण की निष्पक्ष एवं तथ्यात्मक जांच के लिए जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण द्वारा एक जांच समिति का गठन किया गया है। समिति में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिरगांव के अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी, लखन साहू, मंडल अध्यक्ष शिव साहू (पार्षद), संतोष साहू (पार्षद), राजेन्द्र साहू (पूर्व एल्डरमेन) एवं कांग्रेस नेता अविनाश निहाल को सदस्य बनाया गया है। यह समिति मामले की विस्तृत जानकारी एकत्र कर तथ्यों सहित अपनी रिपोर्ट जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण को प्रस्तुत करेगी।

### पुलिस जांच में खुलासा पार्षद की भूमिका संदिग्ध

*जानकारी के मुताबिक, आरोपी ड्राइवर कृष्णा साहू द्वारा लिए गए पैसों को छिपाने में ओम प्रकाश साहू की भूमिका सामने आई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। खुलासे के बाद मामला केवल आपराधिक घटना तक सीमित नहीं रहा, बल्कि राजनीतिक विवाद का रूप ले चुका है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री (संगठन) मलकीत सिंह गेंदू को भेज दी गई है, ताकि आगे की आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी कानून के शासन में पूर्ण विश्वास रखती है और इस मामले में निष्पक्ष जांच एवं विधिसम्मत कार्रवाई का समर्थन करती है। यदि भविष्य में और तथ्य सामने आते हैं, तो पार्टी और भी कठोर निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेगी।*

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज होगी छग जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक 29 अप्रैल को अपरान्ह साढ़े तीन बजे से मंत्रालय (महानदी भवन), नवा रायपुर अटल नगर में होगी। इस आशय का पत्र आदिम जाति विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। बैठक में आदिम जाति विकास विभाग के मंत्री एवं जनजातीय सलाहकार के परिषद के उपाध्यक्ष रामविचार नेताम सहित प्रदेश के वरिष्ठ मंत्रीगण, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी एवं परिषद के सभी सदस्य उपथित रहेंगे। छत्तीसगढ़ जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।




बैठक में 11 मार्च 2025 की कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा के साथ ही कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा लोक निर्माण विभाग द्वारा भी योजनाओं का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। बैठक में आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान से संबंधित विभिन्न विषयों पर भी विचार-विमर्श होगा, जिसमें संस्थान में रिक्त पदों की भर्ती विषयक, उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति हेतु टीआई पद स्थापना तथा संग्रहालय में जनजातीय धार्मिक स्थलों के निर्माण एवं प्रदर्शन जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं। इसके अलावा अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन पर राज्यपाल प्रतिवेदन वर्ष 2024-25 के अनुमोदन अन्य महत्वपूर्ण जनजातीय विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### दैवेभो कर्मचारी फेडरेशन 1 मई को करेगा घेराव

**रायपुर।** मजदूर दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी फेडरेशन के पदाधिकारियों द्वारा 1 मई को रायगढ़ स्थित वित्तमंत्री निवास-कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस संबंध में फेडरेशन के प्रदेश संयोजक रामकुमार सिन्हा ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने जन घोषणापत्र तैयार कर मोदी की गारंटी का नियमितीकरण करने, स्थायीकरण करने का वादा किया था। इसके बावजूद भी जिम्मेदार मंत्री अपने वादे से मुकर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस में कोई अंतर ही नहीं रह गया है। लोक-लुभावन वादे करके सत्ता में आते हैं और सत्ता में आते ही दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी, दैनिक श्रमिक, स्कूल सफाई कर्मचारी, नियमित कर्मचारियों को भूल जाते हैं। मंत्रियों से मुलाकात करने पर जुबान पर एक ही बात रहती है, जल्द ही करेंगे।

### कुंआकोंडा के सुदूर गांव में पहली बार समग्र स्वास्थ्य जांच

**रायपुर।** घने जंगल, ऊंचे पहाड़ और कठिन रास्तों के बीच बसे लोहागांव में सोमवार को स्वास्थ्य सेवाएं सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि भरोसे की दस्तक बनकर पहुंचीं।

राजनीतिक प्रस्ताव में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी लाने की तैयारी

# डेढ़ साल बाद मई के पहले सप्ताह में होगी भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन की प्रदेश कार्यसमिति करीब डेढ़ साल बाद अब जाकर तय हुई है। मई के पहले सप्ताह में इसे करने की तैयारी प्रारंभ हो गई है। कार्यसमिति में राष्ट्रीय संगठन का कोई बड़ा नेता आएगा। नेता का नाम और समय तय होने पर तारीख का ऐलान किया जाएगा। कार्यसमिति के राजनीतिक प्रस्ताव में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी लाने की तैयारी है।

कार्यसमिति से पहले परिचय के लिए होने वाली प्रदेश संगठन की एक बैठक को अब न करने का भी फैसला किया गया है। प्रदेश कार्यसमिति हर तीन माह में करने का प्रावधान तो है, लेकिन इसके लिए सबसे अहम यह है कि राष्ट्रीय कार्यसमिति के बाद ही प्रदेश कार्यसमिति होती है। राष्ट्रीय कार्यसमिति में जो तीन माह की कार्ययोजना तय होती है, उसी पर प्रदेश कार्यसमिति में चर्चा होती है। इसके बाद जिलों और फिर मंडल में कार्यसमिति होती है। छत्तीसगढ़ में सितंबर 2024 में भाजपा के सदस्य अभियान से पहले प्रदेश कार्यसमिति हुई थी, इसके बाद से करीब डेढ़ साल से कार्यसमिति नहीं हुई है। किरण देव को भाजपा का पूर्वकालिक अध्यक्ष बने भी साल भर से ज्यादा हो गया है, लेकिन उनके कार्यकाल में अब तक एक भी कार्यसमिति नहीं हो सकी है। जानकारों का कहना है कि पहले कभी इतने लंबे समय तक कार्यसमिति का इंतजार करना नहीं पड़ा था।



### अहम होगा राजनीतिक प्रस्ताव

कार्यसमिति में सबसे अहम राजनीतिक प्रस्ताव रहता है। इसमें राष्ट्रीय स्तर के साथ ही प्रदेश स्तर का राजनीतिक प्रस्ताव लाया जाता है। इस बार राष्ट्रीय स्तर के राजनीतिक प्रस्ताव में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लोकसभा में पास न होने को लेकर विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर इस मामले में देश भर में निंदा प्रस्ताव लाया जा रहा है। इसको लेकर भाजपा की जिन भी राज्यों में सरकार है, वहां पर विधानसभा के साथ ही नगरीय निकायों में भी विशेष सत्र और सभाएं बुलाकर निंदा प्रस्ताव लाए जा रहे हैं। एक दिन पहले ही रायपुर नगर निगम में सामान्य सभा करके निंदा प्रस्ताव लाया गया है। अब 30 अप्रैल को विधानसभा का विशेष सत्र भी बुलाया गया है। इसमें भी निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी है। इसी कड़ी में अब भाजपा के राज्यों में राज्य संगठनों में कार्यसमिति करके भी निंदा प्रस्ताव लाने की योजना है। इसको लेकर प्रदेश संगठन तैयारी में जुट गया है। राजनीतिक प्रस्ताव में राज्य स्तर पर प्रदेश सरकार के कामों को लेकर प्रशंसा भी होगी। इसी के साथ राष्ट्रीय स्तर पर केंद्र सरकार के कामों को लेकर भी प्रस्ताव लाया जाएगा।

# देर रात नाबालिग की चाकू मारकर हत्या सुबह थाने का घेराव, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में हत्या की घटनाएं अब आम हो गई हैं। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचशील नगर जोगी इलाके में एक नाबालिग लड़के की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना सोमवार की देर रात की है। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों ने थाने का घेराव भी किया, लेकिन पुलिस रातभर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई, जिसके बाद मंगलवार को मोहल्लेवासियों ने थाने का घेराव करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। इसके बाद पुलिस ने कुछ घंटों के भीतर ही इस हत्या में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब 12 बजे चाकूबाजी की घटना में 16 वर्ष के एक नाबालिग लड़के की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मोहल्लेवासियों के अनुसार पंचशील नगर के पास जोगी मोहल्ला में काशीराम नगर के कुछ युवक चाकू लेकर पहुंचे थे और कुश बाघ से विवाद कर उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। घटना के बाद लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद देर रात मृतक के परिजनों ने थाने में जाकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी, जिस पर पुलिस ने जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। हालांकि पुलिस ने सभी को समझाइश देकर वापस भेज दिया। आरोपियों में आर्यन, धीरज के अलावा अन्य दो शामिल हैं।



## खबर संक्षेप



### ऑक्सफ़ोर्ड हायर सेकंडरी स्कूल ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

**सेल/कसडोल।** ऑक्सफ़ोर्ड इंग्लिश हायर सेकंडरी स्कूल, कसडोल के विद्यार्थियों ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के छात्र सिद्धार्थ साहू ने 600 में से 501 अंक प्राप्त कर 83.5% अंकों के साथ शानदार सफलता हासिल की। वहीं छात्र रूपेश कुमार कुर्रे ने 600 में से 412 अंक प्राप्त कर 68.66% अंकों के साथ सफलता अर्जित की। प्राचार्या लक्ष्मी साहू ने कहा कि यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय के डायरेक्टर सीपी साहू सहित समस्त शिक्षकों एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके सुनहरे भविष्य की कामना की है।

पेज 11 का शेष

### 1 मई से शुरू होगा...

आपके द्वारा दी गई जानकारी का उपयोग साक्ष्य के रूप में स्वीकार नहीं होगा। जनगणना के आंकड़े किसी योजना के हितग्राहियों क्री पात्रता के लिए नहीं बल्कि कल्याणकारी योजनाओं, संसाधनों के वितरण तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन कार्य के लिये आधार बनते है। बताया गया कि प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक किया जायेगा।जनगणना कार्यक्रम के तहत प्रगणक घर-घर जाकर मोबाइल एप का उपयोग कर डिजिटल डाटा संग्रह करेंगे। साथ ही लोगों द्वारा पोर्टल पर स्व-गणना के तहत भरी गई जानकारी का सत्यापन भी करेंगे। दोनों तरह से प्राप्त डाटा की बहुस्तरीय जाँच होगी। पहले यह कार्य पर्यवेक्षकों द्वारा किया जायेगा। साथ ही चार्ज अधिकारी भी मैदान में जाकर पुनः सत्यापन कर त्रुटियां ठीक करायेंगे। मकान सूचीकरण व गणना के लिये जिले में 1861 प्रगणक व मॉनिटरिंग के लिए 309 सुपरवाइजर क़्री ड्यूटी लगाई गई हैं।

# नशा एक मानसिक बीमारी, सालभर में डेढ़ हजार लोगों को मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में नशे की लत बढ़ रही है। वर्ष 2019 में हुए सर्वे के मुताबिक छत्तीसगढ़ शराब एवं गांजा सेवन के मामले में देश के टॉप-5 राज्यों में शामिल है। करीब डेढ़ हजार लोगों को इस लत से दूर करने में जिला अस्पताल में संचालित नशा मुक्ति क्लीनिक को पिछले एक साल में सफलता मिली है। यहां होने वाली नियमित ओपीडी में आने वाले मरीजों को नशे के चंगुल से मुक्ति दिलाने के लिए आवश्यक काउंसिलिंग और दवा दी जा रही है।

जिला अस्पताल पंडरी में संचालित नशा मुक्ति क्लीनिक में मनोचिकित्सा विशेषज्ञ डा. राहुल वर्मा को नियुक्त किया गया है। यहां होने वाली नियमित ओपीडी के साथ ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में नशे की लत छोड़ने की मंशा के साथ आने वाले मरीजों की काउंसिलिंग की जाती है। साथ ही अस्पताल तक आने वाले जरूरतमंद मरीजों को एडमिट कर इलाज की सुविधा प्रदान की जाती है। आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्तीय वर्ष यानी मार्च 2025 से अप्रैल 2026 के बीच 1417 मरीजों का इलाज किया गया है। चिकित्सकों के मुताबिक नशा एक मानसिक बीमारी है जो धीरे-धीरे मस्तिष्क के साथ सेहत को प्रभावित करने लगा है। नशे की लत से आजाद होना संभव है मगर नेशनल मेंटल हेल्थ सर्वे के मुताबिक अल्कोहल के उपयोग विकार से पीड़ित 86 फीसदी लोग इलाज से दूर हैं। नशा मुक्ति क्लीनिक में नशे की लत छोड़ने की मंशा लेकर आने वाले लोगों को इसके लिए प्रेरित करने के साथ आवश्यक दवा भी दी जा रही है। इसके लिए जिला अस्पताल में नशा मुक्ति क्लीनिक के साथ टेली मानस क्लिनिक की सुविधा भी दी जा रही है।

## जिला अस्पताल में नशा मुक्ति क्लीनिक का नियमित संचालन



**बेहतर काउंसिलिंग और इलाज**

नशे की लत से दूर होने की मंशा के साथ आने वाले मरीजों को बेहतर काउंसिलिंग के साथ आवश्यक इलाज की व्यवस्था भी की गई है। यहां आकर कई लोगों ने नशा छोड़ा है। टेली मानस क्लीनिक के जरिए वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आवश्यक काउंसिलिंग की जा रही है।

*- डा. चंद्रा राव, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल*

## बीमारी का इलाज, रोजमर्रा के जरूरी खर्च चलाने की चिंता

# पेंशन के लिए भटक रहे निराश्रित, बुजुर्ग और महिलाएं, 5 माह से खाते में पैसा नहीं आया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

500 रुपए महीना पेंशन से अपनी बीमारी का इलाज और दैनिक जरूरत को पूरा करने वाले बुजुर्ग, दिव्यांग और उम्रदराज महिलाएं तथा निराश्रित, पेंशन को लेकर परेशान हैं। किसी को 3 माह तो किसी का 5 माह के पेंशन का पैसा उनके बैंक खाते में अब तक नहीं आया। इसके चलते उन्हें तपती धूप और उमस भरी गर्मी में पेंशन का पता करने भटकना पड़ रहा है। इस तरह की समस्या वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित पेंशन और दिव्यांग पेंशन के हितग्राहियों के सामने आ रही है।

- गांधी सदन में आधार कार्ड और बैंक खाता लेकर पहुंच रहे हितग्राही, हर महीने किचकिच

गांधी सदन में पेंशन शाखा में शहर के अलग-अलग क्षेत्र के बुजुर्ग अपने आधार कार्ड और बैंक खाता की पासबुक लेकर पेंशन का पता करने पहुंचे। पता चला कि उनके खाते में केन्द्र द्वारा भेजी गई 200 रुपए की पेंशन की राशि तो जमा हो गई, पर राज्य के हिस्से की 300 रुपए की पेंशन राशि अब तक नहीं आई। बकाया राशि कब तक उनके खाते में जमा होगी, यह कोई बता नहीं पा रहा। पेश है एक रिपोर्ट : -



**केस 1**

### 5 माह से नहीं मिली पेंशन

गुढ़ियारी के आंबेडकर में रहने वाले बुजुर्ग शेख मुकीम को पिछले 6 माह से निराश्रित पेंशन नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि गुढ़ियारी से वे सुबह 11 बजे से निगम मुख्यालय पेंशन का पता करने आए हैं। 6 माह से पेंशन नहीं मिलने से गुजारा करना मुश्किल हो रहा है। 500 रुपए के लिए हर महीने कभी बैंक का चक्कर कभी निगम मुख्यालय भटक रहे हैं। कोई बताने वाला नहीं है कि कब तक बकाया पेंशन की राशि मिल पाएगी। निराश्रित लोगों का कोई सुनने वाला ही नहीं है।

**केस 2**

### चक्कर पर चक्कर, पेंशन का ठिकाना नहीं

नगर निगम जोन 6 के शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड के मठपुरैना में रहले वाली हेमचीन टेंभुरकर अपने बहू को लेकर निराश्रित पेंशन के लिए निगम मुख्यालय में पहुंची। चलने-फिरने में तकलीफ है , 10 माह से उनके बैंक खाते में निराश्रित पेंशन की राशि जमा नहीं हुई। उन्होंने बताया कि इससे पहले एटीएम से पेंशन की रकम निकालने की सुविधा रही। पर कुछ समय से एटीएम की जगह बैंक खाते में फिर से पेंशन की राशि जमा कर रहे हैं। इसमें सबसे बड़ी समस्या ये है कि पहले एक साथ 500 रुपए जमा होता था, अब केंद्र और राज्य अपने-अपने हिस्से की राशि अलग-अलग तारीख में भेजते हैं। इससे पेंशनरों की परेशानी बढ़ गई। चक्कर पर चक्कर लगा रहे हैं पर 10 महीने की पेंशन अब तक नहीं मिली।

**केस 3**

### 5 माह से खाते में पेंशन का पैसा नहीं आया

बजरंग नगर से पेंशन का पता करने आए बुजुर्ग मुकुंद इस बात को लेकर परेशान रहे कि बैंक खाता का केवाईसी कराने के बाद भी उनके खाते में 5 माह से निराश्रित पेंशन की रकम जमा नहीं हुई। उनका कहना है नगर निगम से पहले पेंशनरों को पेंशन नकद देने का सिस्टम रहा वही अच्छा था। जब से एटीएम आया तब से दिक्कत हो रही है। अब तो 500 रुपए के महीना पेंशन की राशि भी टुकड़ों में जमा हो रही है समझ में नही आता कि हो क्या रहा है? बिना पेंशन के भारी परेशानी हो रही है। मैने पेंशन नहीं मिलने की शिकायत जनदर्शन में भी की थी।

**शिकायतें आ रही हैं, समाज कल्याण विभाग को अवगत कराया है**

सितंबर से एसएनए स्पर्श पूरे देश में लागू किया गया है। इसमें बेनिफिसरी के खाते में सीधे रकम जमा होती है। इसमें स्टेट और सेंट्रल का कांट्रिब्यूशन अलग-अलग रहता है, इसलिए यह राशि अलग-अलग समय में हितग्राही के खाते में डाली जाती है। सितंबर से केंद्र से निराश्रित, विधवा पेंशन और दिव्यांग पेंशनरों का पैसा नहीं आया है। राज्य से भी मार्च तक संबंधित पेंशनरों के पेंशन के हिस्से की राशि नहीं आई है। हमने प्रभावित पेंशनरों की सूची बनाकर समाज कल्याण विभाग को भेज दी है। महापौर मीनल चौबे को भी पेंशनरों की समस्या से अवगत करा दिया है। *- अंजलि शर्मा, उपायुक्त, गरीबी उपशमन विभाग, नगर निगम रायपुर*

# ठक्करबापा वार्ड की पानी टंकी की जांची मजबूती, जोन कमिश्नर को बोर खनन करवाने दिए निर्देश




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के मुख्य अभियंता संजय बागड़े ने जोन क्रमांक 1 के अंतर्गत ठक्करबापा वार्ड के दीक्षा नगर में बन रही पानी टंकी की मजबूती जांची। जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर की उपस्थिति में निर्माणाधीन पानी टंकी की स्ट्रेन्थ रिपोर्ट का निरीक्षण किया और इस पर संतोष व्यक्त किया।

- मुख्य अभियंता संजय बागड़े ने दीक्षानगर की निर्माणाधीन पानी टंकी निर्माण की प्रगति का किया निरीक्षण

मुख्य अभियंता ने जोन कमिश्नर को पानी टंकी निर्माण कार्य में तराई कार्य अच्छी तरह से कराने और कार्य की गुणवत्ता की सतत रूप से मानिटरिंग करने की हिदायत दी। साथ ही वहां तत्काल बोर खनन कार्य शुरू कराने निर्देशित किया।

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर मुख्य अभियंता संजय बागड़े ने मंगलवार को ठक्करबापा वार्ड में बन रही पानी टंकी के निर्माण की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान टंकी निर्माण के कार्य को प्रमुखता के आधार पर निर्धारित समय सीमा के भीतर कराने जोन के अधिकारियों को निर्देशित किया। नगर निगम द्वारा दीक्षा नगर में अधोसंरचना मद में 19 करोड़ 61 लाख की लागत से 2100 किलोलीटर क्षमता की पानी टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। इसके लिए ऑनलाइन टेंडर इंदौर की एंड्राएड कंपनी को अनुबंधित किया गया है। 2 वर्ष की समय सीमा में अनुबंधित एजेंसी नई पानी टंकी का निर्माण कराएगी।

इस टंकी के बनने से ठक्कर बापा वार्ड के दीक्षा नगर, प्रेमनगर, पावर्ती नगर, गुरु घासीदास नगर, अंजलि विहार, सुख विहार, देव विहार को पानी की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा।

# बोर्ड परीक्षा में पीएमश्री स्कूल का परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय, खरोरा ने इस वर्ष 2026 बोर्ड परीक्षा परिणाम में सराहनीय प्रदर्शन किया है। जानकारी के अनुसार, विद्यालय का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 75.51 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का परिणाम 89.91 प्रतिशत दर्ज किया। विशेष रूप से 12वीं कक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा, जिसने विद्यालय को क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाई है।

हायर सेकेंडरी परीक्षा में हेमलता साहू ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में टॉप 10 में पांचवां स्थान पाकर पूरे विद्यालय एवं अपने माता पिता का नाम रौशन किया एवं खुशबू साहू व नम्रता गिलहरे ने 96.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि डॉली देवांगन ने 94.8 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को और सुदृढ़ किया है।



कक्षा 10वीं में मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन- हाईस्कूल परीक्षा में आकाश वर्मा ने 95.50 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं चिराग देवांगन ने 95.33 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं अनन्या देवांगन ने 95.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि ने विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है।

प्राचार्य रजनी मिंज ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहने का संदेश दिया।

वहीं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर एवं वरिष्ठ व्याख्याता शाहिना परवीन ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अनुशासन, नियमित अध्ययन एवं सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी इनसे प्रेरणा लेने की सलाह दी।

विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यगण दुलेश साहू, सुमित सेन, योगेश द्विवेदी, गुरजीत कौर भाटिया, संजीव देवांगन, यज्ञदत्त शर्मा, सुनील नायक, सचिन अग्रवाल, गुरदीप सिंह छाबड़ा, पंचराम यादव, रश्मि वर्मा एवं समस्त शिक्षकगण जिसमें संगीता नायक, रीतारानी वर्मा, रजनी त्रिपाठी, चमेली ठाकुर, जयंती साहू, अल्का मिंज, श्वेता शर्मा, तान्या भट्टाचार्य, मोंगरा साहू, नीतू यादव, प्रिया संघवी, बिजेश्वरी महिलांगे, जगदेव सिंह बंजारे, योगेंद्र त्रिपाठी, गीतांजली पान, शिवांगी निषाद आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई है।

# 'सही दवा शुद्ध आहार' अभियान के तहत सुहेला में दबिश, 15 दुकानों की जांच कर लिए गए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले में सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान चलाया जा रहा हैं। अभियान के तहत मंगलवार को संयुक्त टीम ने लगभग 15 दुकानों का गहन जांच की। खाद्य पदार्थों का सैंपल लेकर राज्य प्रयोशाला रायपुर भेजा गया।

जानकारी के अनुसार सुहेला तहसील में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा सभी गन्ना रस, जूस सेंटर, गुपचुप ठेला एवं स्ट्रीट फूड वेंडर्स के 15 दुकानों का गहन निरीक्षण किया गया एवं साफ सफाई के निर्देश दिये गये। बिना खाद्य पंजीयन के खाद्य कारोबार संचालकों को अतिशीघ्र खाद्य पंजीयन बनवाने हेतु निर्देशित किया गया।साथ ही श्रीराम फल भंडार एवं जूस कार्नर, दिक्षा बेकरी एवं स्वीट्स, सोनू मोनू पान सेंटर आदि फर्मों से मैंगो जूस, गन्ना रस बर्फ गोला, लाहोरी जीरा, कीम बेल, केसर बादाम मिल्क शेक, आईस वाला कच्चा आम, वाटर बेस फ्लेवर्ड ड्रिंक एवं आइस वाला लीची वाटर बेस फ्लेवर्ड ड्रिंक पैक्ड का नमूना संकलन कर विश्लेषण हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित किया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने उपरान्त आगे की कार्यवाही की जावेगी। सभी को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।



# पलायन और बाहर रहने वाले 30 अप्रैल तक स्वयं भर सकते हैं स्वगणना फार्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसींवां

भारत की जनगणना 2027 कार्यक्रम शुरू हो गया है। यह 15 साल बाद हो रहा है। जो परिवार पलायन किये, नौकरीपेशा, 1 से 30 मई तक घर से बाहर रहने वाले हैं या घर से बाहर रहते हैं उन लोगों के लिए खुशखबरी की बात है। उन्हें जनगणना के लिए घर आने की जरूरत नहीं है, वे जहां है वहीं से जनगणना के फॉर्म को स्वगणना का ऑनलाइन फॉर्म 30 अप्रैल 2026 तक वेबसाईट (एसई डॉट सेंसस डॉट जीओव्ही डॉट इन) पर स्वयं भर सकते हैं, जिसके बाद उन्हें एक विशेष आईडी प्राप्त होगी। गणना कर्मी (प्रगणक) के घर पहुंचने पर यह आईडी दिखाने से पूरी प्रक्रिया कुछ ही मिनटों में पूरी हो जाएगी। इसके लिए प्रगणक से संपर्क करना चाहिए। डिजिटल प्रक्रिया के तहत पलायन किये या मई में घर पर नहीं रहने वालों को इसका उपयोग किया जाना चाहिए ताकि वे जनगणना से वंचित नहीं हो।

जनगणना में जो स्वगणना नहीं किये उनके लिए घर घर जाकर मकान सूचीकरण होगा, जो 1 मई से 30 मई 2026 तक चलेगा। इसके तहत लगभग 33 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें घर की स्थिति, पेयजल, बिजली, शौचालय और अन्य सुविधाओं की जानकारी शामिल होगी। मुख्य जनगणना फरवरी 2027 से शुरू होकर मार्च 2027 तक पूरी की जाएगी। नागरिकों की सामाजिक आर्थिक स्थिति का आंकलन किया जाएगा।स्व-गणना सिर्फ सुविधा है, मजबूरी नहीं। अगर आप ऑनलाइन नहीं भर पाते तो जनगणनाकर्मी पहले की तरह घर आकर फॉर्म भरेंगे।

स्व-गणना से लाभ - डिजिटल जनगणना 2026 में 'स्व-गणना' यानी खुद से फॉर्म भरने की सुविधा दी गई है। इसके नागरिकों और सरकार दोनों को बड़े फायदे हैं।जनगणनाकर्मी के घर आने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। आप रात 10 बजे भी अपने हिसाब से फॉर्म भर सकते हैं। मोबाइल या लैपटॉप से घर बैठे, छुट्टी के दिन, 24x7 फॉर्म भरने की आजादी। लाइन में लगने की झंझट नहीं। आप खुद अपना नाम, उम्र, जन्म तिथि, शिक्षा जैसी जानकारी भरेंगे। जनगणनाकर्मी से बोलने-सुनने में गलती नहीं होगी। फॉर्म सबमिट से पहले दोबारा जांच भी कर सकते हैं। संवेदनशील जानकारी जैसे आय, दिव्यांगता आदि सीधे आप सिस्टम में भरते हैं। घर के बाकी लोगों या पड़ोसी को पता नहीं चलता। फॉर्म भरकर पावती ले लें। जनगणनाकर्मी जब आए तो सिर्फ पावती दिखानी है। 2 मिनट में काम खत्म। नागरिक खुद जानकारी देगा तो त्रुटि दर घटेगी। योजनाएं बनाने के लिए सही डेटा मिलेगा। फील्ड में जनगणनाकर्मी का समय बचेगा। वह सिर्फ वेरिफिकेशन करेगा। पूरी जनगणना जल्दी पूरी होगी।

# संकुल स्तरीय सम्मान और विदाई समारोह हुआ

हरिभूमि नयूज ⏭ पलारी

उच्च.माध्यमिक विद्यालय बलौदी में एमएस बलौदी के प्रधान पाठिका शांति बंजारे एवं प्राथमिक शाला बलौदी के प्रधान पाठिका रेवा मंडल के सेवानिवृत्ति विदाई समारोह आयोजित किया गया। आयोजन में सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के पश्चात बंजारे मैडम अपने सेवाकाल के 41 वर्ष एवं अपने आने वाले समस्या सेवा को आपबिती बतायी। साथ ही रेवा मंडल अपने जीवन के के पूरा सेवा 28 वर्षो का सेवा बलौदी में शुरुआत किये एवं अंतिम सेवानिवृत्ति भी बलौदी में दी जिसके लिए सभी नागरिकों एवं अपने स्टाफ को धन्यवाद देते हुए भावुक हुए।



संकुल प्राचार्य दिनेश कुमार साहू ने दोनों संस्था प्रमुख को स्वस्थ रहने हेतु मंगल कामना के साथ उनके समय में किये कार्यों को याद किये। संकुल समन्वयक मंतराम वर्मा द्वारा एक ही गांव के दो- दो संस्था प्रमुख प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के संस्था प्रमुख एक साथ जाना हमारे संकुल के लिए बहुत ही अपूर्नीय छति है, जिसे पूरा नहीं किया जा सकता है। साथ ही लकड़यिा, भाठापारा, बलौदी, खपरी के संस्था प्रमुख पवन ढीढी, कुसुम ढीढी, भगवान दास मिरी ने अपने विचार व्यक्त किये। ग्राम के प्रथम नागरिक संरपच हेतराम कुर्रे भी अपने स्नेही उद्बोधन किये। इस अवसर पर संकुल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का उपस्थित रहे। जिसमे सरिता नेताम, पार्वती चतुर्वेदी, सविता दीवान, प्रवीन नेताम, तीर्थंकर यादव, रजनी साहू, इंदेश्वरी बंजारे, रामबिलास पटेल, सरोज साहू, आशा देवांगन, सत्रजीत राठिया, उषा कोटरे उपस्थित थे।

### छह कार्यों के लिए 1.49 करोड़ मंजूर

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सक्ती जिले के जैजेपुर नगर पंचायत में 6 कार्यों के लिए एक करोड़ 48 लाख 85 हजार रुपए स्वीकृत किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने संचालनालय से इनकी मंजूरी के आदेश जारी कर दिए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सभी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में काम पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू

**बलौदाबाजार।** भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस वर्ष 2027 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों' (पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री) के लिए नामांकन की प्रक्रिया 15 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने समाज सेवा, कला, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के प्रतिभाओं को नामांकन के लिये चिन्हांकित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये हैं। पद्म पुरस्कार के लिये व्यक्तिगत रूप से भेजे जाने वाले नामांकन ऑनलाइन के माध्यम से भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ही स्वीकार किए जाएंगे। जिला कलेक्टर के माध्यम से अनुशंसा सहित योग्य पात्र व्यक्तियों के स्पष्ट नामांकन प्रस्ताव भारत सरकार के संलग्न पत्र में दिये गये निर्देशानुसार दिनांक 15 जुलाई तक संलग्न प्रपत्र में अनुशंसा सहित सामान्य प्रशासन विभाग को प्रेषित करना है।

## सीजीपीएससी और व्यापम प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग

**बलौदाबाजार।** जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज न्यास के सहयोग से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारियों के लिए नवप्रेरणा निःशुल्क कोचिंग सेंटर का संचालन किया जा रहा है। इसमें नवीन बैच की कक्षाएं मई माह की प्रथम सप्ताह से प्रारंभ की जाएगी एवं इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से 30 अप्रैल से 6 मई तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन मंगाए गये हैं। निःशुल्क कोचिंग में अध्ययन के लिए न्यूनतम योग्यता किसी भी विषय में स्नातक होना अनिवार्य है एवं शिक्षक भर्ती हेतु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता रखने वाले कोचिंग में अध्ययन का लाभ ले सकते हैं। कोचिंग के लिए 60 सीट निर्धारित है। विद्यार्थियों का चयन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा। कोचिंग में अध्ययन के लिए आवेदन फार्म सीधे जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार के बगल में स्थित आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के कांफ्रेंस कक्ष क्र.10 (प्रथम तल) में प्रातः 10 बजे से 4 बजे जमा कर सकते हैं।

## स्व. तारा देवी को जन प्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि



**पलारी।** नगर पंचायत निवासी स्व. तारा देवी साहू के दशगात्र कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। कार्यक्रम में विधायक संदीप साहू, पूर्व विधायक राजकमल सिंघानिया, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, पूर्व खनिज निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन, पूर्व कृषक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, पूर्व विधायक चंद्रदेव राय, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, पूर्व जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, नगर अध्यक्ष रोहासी नंदेश साहू, नगर अध्यक्ष कसडोल नागेश्वर साहू, योगेश चंद्राकर, विपिन बिहारी वर्मा, गणेश शंकर जायसवाल, सुनील कुर्रे, झाडिराम कनौजे, बीएमओ पंकज वर्मा सहित महिला प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्वर्गीय तारा देवी साहू, घनश्याम साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, चंदन साहू एवं कल्पना साहू की माता थीं। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

## प्रियांशी ने 10 में हासिल किया 75.66 प्रतिशत अंक

**हिरमी रावन।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी 10वी कक्षा के परिणाम में ज्ञानोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा प्रियांशी ने 75.66 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर प्रियांशी को बधाई देने पंकज, नीरज, अजय निर्मलकर, टाकेश्वरी, दुर्गा, नेहा, नीतू, हर्षिता, खुशी प्रज्ञा एवं समस्त सहपाठी शामिल हैं। प्राचार्य पीआर वर्मा ने प्रियांशी की सफलता पर गर्व व्यक्त किया।



# कृषि अनुसंधान केंद्र में काउंसिल लेवल- 1 खरीफ सत्र का आयोजन

**कृषि एवं उद्यानिकी अधिकारियों के फीडबैक के बाद प्रस्ताव पर की गई परिचर्चा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र भाटापारा में स्टेशन मीटिंग लेवल-1 खरीफ सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. एच. एल. सोनबोइर,

अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, भाटापारा की अध्यक्षता में एवं डॉ. धनंजय शर्मा, सह संचालक अनुसंधान तथा डॉ. ललित श्रीवास्तव, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के विशिष्ट आतिथ्य में, डॉ. अंगद सिंह राजपूत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा, जय इंद्र कंवर अनुविभागीय, कृषि अधिकारी बलोदा बाजार एवं बालकृष्ण राठौर, उद्यानिकी विभाग की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में विभिन्न विषयों के वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों ने खरीफ सत्र के कृषि एवं उद्यानिकी के क्षेत्र में किए गए अनुसंधान एवं प्रसार तथा आगामी खरीफ सत्र 2026 के लिए अनुसंधान एवं प्रसार के संबंध में कृषि एवं उद्यानिकी अधिकारियों के फीडबैक के बाद प्रस्ताव पर परिचर्चा की गई।

डॉ. धनंजय शर्मा ने अपने सुझाव में कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा विकसित मोबाइल एप्लीकेशन एप क्रॉप डॉक्टर 2.0 को किसानों को अपने मोबाइल में डाउनलोड कर फसलों में रोग की पहचान एवं उपचार कर किसानों की समस्या को सुलझाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



**कृषकों की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए बनावे कार्यक्रम**

डॉ. ललित कुमार श्रीवास्तव ने अपने सुझाव में मिट्टी में बोरान की उपलब्धता में अनुसंधान करने की बात कही। डॉ. सोनबोइर सभी वैज्ञानिको एवं प्राध्यापकों को सुझाव दिया कि अनुसंधान का कार्यक्रम निर्धारण से पूर्व कृषकों की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए कार्यक्रम बनावे। जयंत कंवर ने उर्वरकों के वैकल्पिक श्रोत पर अनुसंधान एवं प्रसार हेतु सुझाव दिया। डॉ. राजपूत ने वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि कृषकों की समस्या का रियल टाइम अध्ययन कर अनुसंधान एवं प्रसार का कार्यक्रम बनाए। बालकृष्ण राठौर ने कोचई, जिमिकंद, हल्दी, अदरक के उन्नतशील किस्मों के बीज के उपलब्धता के संबंध में कहा। वैज्ञानिकों ने चर्चा उपरांत अनुसंधान के प्रस्ताव प्राकृतिक खेती, खेकसी, मृदा स्वास्थ कार्ड आधारित उत्पादन जैविक खेती, कृषि यंत्रीकरण, मशरूम उत्पादन, सब्जी में समन्वित पोषण प्रबंधन एवं फसलों में कीट प्रबंधन पर प्रस्ताव प्रस्तुत किए। कृषि महाविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा के वैज्ञानिकों ने अपने क्षेत्र में किए जा रहे अनुसंधान एवं प्रसार के बारे में विस्तृत जानकारी दिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीषा साहू ने किया।

### विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने जताया कड़ा विरोध

# शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का प्रयास प्रशासन के समक्ष चल रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





जिला मुख्यालय के व्यस्ततम मुख्य मार्ग पर, पोस्ट ऑफिस के सामने स्थित पशु चिकित्सालय की दीवार से सटे क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि नगर पालिका की नाली के ऊपर, जनपद पंचायत बलौदा बाजार की दुकान के एक किरायेदार द्वारा अवैध निर्माण का प्रयास किया जा रहा है।

इस मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने कड़ा विरोध जताया है। संगठनों का आरोप है कि संबंधित व्यक्ति द्वारा बजरंगबली की मूर्ति की आड़ लेकर शासकीय भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है, जो न केवल नियमों के विरुद्ध है, बल्कि धार्मिक भावनाओं का भी दुरुपयोग है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्रशासन को पूर्व में भी कई बार अवगत कराया जा चुका है, बावजूद इसके कार्रवाई में देरी हो रही है।

वहीं बलौदाबाजार प्रेस क्लब ने भी इस पूरे प्रकरण पर आपत्ति दर्ज कराई है। प्रेस क्लब का कहना है कि कब्जाधारी स्वयं को पत्रकार बताकर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है, जबकि उसका किसी भी मान्यता प्राप्त मीडिया संस्थान से कोई संबंध नहीं है। प्रेस क्लब ने ऐसे व्यक्ति को फर्जी बताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि मामले की जानकारी लेकर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अनुविभागीय अधिकारी प्रकाश चंद कोरी ने बताया कि नगर पालिका अधिनियम के तहत नोटिस जारी करने की प्रक्रिया चल रही है और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जल्द की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में निरीक्षण के दौरान संबंधित व्यक्ति ने टीम के साथ दुर्व्यवहार किया था।

वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद आदित्य गुप्ता ने स्पष्ट किया कि इस अवैध निर्माण में उनका कोई सहयोग या समर्थन नहीं है। वहीं, पशु चिकित्सा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर नरेंद्र सिंह ने भी निर्माण को पूरी तरह अवैध बताते हुए कहा कि विभाग की ओर से किसी प्रकार की अनुमति नहीं दी गई है।

जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी फकीरचंद पटेल ने बताया कि संबंधित किरायेदार के खिलाफ पहले भी शिकायतें मिल चुकी हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्य किरायानामा शर्तों का उल्लंघन है और अनुबंध समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने बताया कि अवैध कब्जाधारी को नोटिस जारी कर दिया गया है और कब्जा हटाने की तैयारी की जा रही है। प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर अब सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

# छुट्टियों के चलते ट्रेनों में भारी भीड़, 60 दिन पहले ही बुकिंग 'नो रूम' के पार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

गर्मी व छुट्टियों के चलते यहां से गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों में 30 से 60 दिन तक वेटिंग की स्थिति हो गई है। रेल्वे के नये नियम के अनुसार अब 60 दिन पहले आरक्षण शुरू होता है। आज मुंबई की ओर जाने वाली मेल, कुर्ला हावड़ा में आरक्षण खुलते ही 28 जूध तक वेटिंग आ गई है। इस गाड़ी में एसी, स्लीपर किसी भी क्लास में कोई बर्थ नहीं है, इसके अलावा अहमदाबाद, आजाद हिन्द एक्सप्रेस, सारनाथ, अमरकंटक भोपाल एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति, हमसफर, पुणे बिलासपुर सप्ताह मे दो दिन चलने वाली एक्सप्रेस गाड़ियों में 30 मई तक वेटिंग की स्थिति है। इसके अलावा एक्जीक्यूटिव क्लास में भी नो रूम की स्थिति बनी हुई है। औसतन सभी प्रमुख एक्सप्रेस, मेल, ट्रेनों की स्थिति यह है कि सभी ट्रेनों में 6 एसी 3 एवं 2 एसी 2 के कोच होते हैं और ये पहले ही फुल हो जाते हैं, जिन्हें एसी में कन्फर्म बर्थ नहीं मिलता। वे फिर स्लीपर में यात्रा के लिए आरक्षण करवाते हैं। वहीं दूसरी ओर तत्काल टिकट के लिए भी काफी मारामारी की स्थिति है। इसमें एसी और स्लीपर के लिए अलग-अलग काउंटर है। वहीं स्लीपर में 4 नंबर तक की टिकट कनफर्म होने की संभावना रहती है और एसी में दो के बाद वेटिंग शुरू हो जाता है। इस संबंध में रेल्वे के चीफ बुकिंग सुपरिटेंडेंट केशव यदु का कहना है कि मई माह में और वेटिंग की स्थिति सभी प्रमुख ट्रेनों में है। आज की स्थिति में 15 मई तक सभी मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में नो रूम की स्थिति रहेगी। वहीं दक्षिण की यशवंतपुर कोचीन की द्विसाप्ताहिक ट्रेनों में भी जून तक फुल है। आरक्षण काउंटर में अभी रोजाना 200-300 आरक्षित टिकट रोज हो रहे हैं।



# मोहरा बस स्टैंड तिगड्डा चौक पर जानलेवा गड्ढे फंस रहे छोटे-बड़े वाहन

**हिरमी रावन।** ग्राम मोहरा के बस स्टैंड तिगड्डा चौक पर इन दिनों सड़क की खराब हालत राहगीरों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। मोहरा से मोहरेंगा मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य के बीच तिगड्डा चौक पर गहरे और जानलेवा गड्ढे बन गए हैं, जिनमें आए दिन छोटे-बड़े वाहन फंस रहे हैं। यह मार्ग मोहरा को हिरमी–संडी मुख्य सड़क से जोड़ने वाला रास्ता है, जहां दिनभर वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। लेकिन निर्माण कार्य के दौरान उचित वैकल्पिक व्यवस्था और सुरक्षा इंतजाम नहीं किए जाने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बाइक सवार और साइकिल चालक इन गड्ढों के कारण दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार जिम्मेदार विभाग को इस समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। शाम के समय स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है, जब रोशनी की कमी के कारण गड्ढे नजर नहीं आते।

# संडी-तिल्दा मार्ग पर उड़ती धूल ने बढ़ाई मुसीबत, पानी छिड़काव के अभाव में राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन





संडी से मोहरा-तिल्दा को जोड़ने वाले मुख्य सड़क मार्ग पर इन दिनों निर्माण कार्य तेजी से जारी है। भालूकोना से संडी तक बन रही इस सड़क से भविष्य में आवागमन सुगम होने की उम्मीद है, लेकिन वर्तमान में निर्माण कार्य के दौरान उड़ रही धूल लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। निर्माण स्थल पर पानी का पर्याप्त छिड़काव (तराई) नहीं होने के कारण सड़क पर लगातार धूल उड़ रही है। तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहनों से धूल का गुबार और बढ़ जाता है, जिससे राहगीरों, बाइक चालकों एवं आसपास के ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी मार्ग पर घरेलू गैस कार्यालय स्थित होने के कारण लोगों का आवागमन लगातार बना रहता है। गैस सिलेंडर लेने आने-जाने वाले लोगों को धूल भरे वातावरण में सफर करना पड़ रहा है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई है। सूचना पटल के अनुसार यह निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग, संभाग बलौदाबाजार के अंतर्गत कराया जा रहा है। लगभग 11.50 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण कार्य करोड़ों रुपए की लागत से किया जा रहा है तथा कार्य की अवधि 11 माह निर्धारित की गई है अंचल के जन्म प्रतिनिधि ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य तो तेजी से चल रहा है, लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा पानी की पर्याप्त तराई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाए तो धूल की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सुबह और शाम के समय सड़क पर आवागमन अधिक रहता है, ऐसे में धूल के कारण दृश्यता भी प्रभावित होती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

# सरपंच ने रवान में कराए करोड़ों के विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



■ मंत्री टंकराम वर्मा का जताया आभार

ग्राम पंचायत रवान की महिला सरपंच निकिता अक्षय भारती ने अपने कार्यकाल के महज 14 माह में विकास की नई मिसाल पेश की है। पंचायत चुनाव में पूर्ण बहुमत से विजयी होने के बाद उन्होंने गांव में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ सभी समाजों की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार कार्य किए हैं।

सरपंच निकिता भारती ने बताया कि मंत्री टंकराम वर्मा के मार्गदर्शन एवं सहयोग से पंचायत में लगभग 1 करोड़ 20 लाख 60 हजार के विकास कार्य कराए गए हैं। इनमें महतारी सदन 24 लाख, शासकीय हाई स्कूल में प्रार्थना शेड 15 लाख, पूर्व माध्यमिक शाला में प्रार्थना शेड 12 लाख, खाद्यान्न सोसायटी भवन 10 लाख, विभिन्न वार्डों में रंगमंच निर्माण कुल 12 लाख, सीएससी सेंटर निर्माण 5 लाख सहित कई कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

इसके अलावा जिला पंचायत सदस्य गीता डोमन वर्मा द्वारा आहाता निर्माण 2 लाख, जनपद सदस्य शीतल वर्मा द्वारा सीसी रोड निर्माण 2 लाख तथा मुक्तिधाम शेड निर्माण 5 लाख जैसे कार्य भी कराए जा रहे हैं। मनरेगा के तहत नाली निर्माण एवं अन्य कार्यों में प्रतिदिन लगभग 120 मजदूरों को रोजगार मिल रहा है।

सीएसआर मद से अंबुजा फाउंडेशन द्वारा विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड निर्माण कार्य लगभग 6.60 लाख भी पूर्ण किया गया है। वहीं डोंगिया तालाब सौंदर्यीकरण, आंगनबाड़ी निर्माण, नाला सुधार कार्य सहित कई योजनाएं प्रगति पर हैं। सरपंच निकिता भारती ने कहा कि जनता के विश्वास पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता है और गांव के हर वर्ग को साथ लेकर विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने इन कार्यों के लिए मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला पंचायत सदस्य सभापति गीता डोमन वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनीता वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष रविशंकर वर्मा, जनपद सदस्य शीतल वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

**स्वैच्छिक सीखना-सिखाना केंद्र' का समापन**

# खेल-खेल में 195 बच्चों ने निखारी अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



पलारी में संचालित 10 दिवसीय 'स्वैच्छिक सीखना-सिखाना केंद्र 2026' का भव्य समापन उत्साह और उमंग के साथ हुआ। विकासखंड की 10 प्राथमिक शालाओं में आयोजित इस विशेष शिविर में कुल 195 छात्र-छात्राओं, 30 शिक्षकों और 69 पालकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा प्रदान करते हुए उनकी शैक्षणिक दक्षता और रचनात्मकता को विकसित करना रहा। इस पहल की शुरुआत विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में हुआ, जिसे शिक्षकों ने स्वेच्छा से अपनाते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश को बच्चों के लिए उपयोगी और रोचक बनाया। कार्यक्रम के सफल संचालन में अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन का महत्वपूर्ण सहयोग रहा, जिसने शिक्षकों के उन्मुखीकरण और स्कूल स्तर पर मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर के दौरान बच्चों ने भाषा और गणितीय कौशल को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सीखा। कहानी-कविता वाचन, जोड़-घटाना, पहाड़े, गिनती गीत और अलग अलग खेल के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को आसान और मनोरंजक बनाया। इसके साथ ही बच्चों ने मिट्टी के खिलौने, पपेट, मुखोटे, उँगली आर्ट, पेपर क्राफ्ट और कोलाज बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

समापन अवसर पर इन सामग्रियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे अभिभावकों और अतिथियों ने सराहा। समापन समारोह में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सभी प्रतिभागियों को शाला की तरफ़ से पानी की बोतल, रंगीन पेंसिल और अन्य स्टेशनरी सामग्री देकर सम्मानित किया गया तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को ग्रीष्मकालीन सावधानियों के प्रति जागरूक किया और उन्हें सीखे गए कौशल का नियमित अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया।

